हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 31 जनवरी 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 शिक्षा नहीं, सुनियोजित हमला है यूजीसी...



07 आदिम से आधुनिक काल की ओर अग्रसर...



## खबर संक्षेप

### कामाख्या धाम यात्रा आज होगी रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत कामाख्याधाम जाने वाली तीर्थयात्रा दिनांक 31 जनवरी को सायं 6:00 बजे सागर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 01 से प्रस्थान करेगी। सभी चयनित तीर्थयात्रियों से अनुरोध है कि वे यात्रा से पूर्व आवश्यक प्रक्रिया हेतु सायं 4:00 बजे अनिवार्य रूप से प्लेटफार्म क्रमांक 01 पर उपस्थित रहें। यात्रियों को निर्देशित किया गया है कि वे मौसम के अनुरूप वस्त्र, ऊनी कपड़े तथा व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री जैसे आवश्यक सामान आदि अपने साथ अवश्य रखें। साथ ही, प्रत्येक तीर्थयात्री को अपनी पहचान हेतु पासपोर्ट साइज फोटो एवं मूल आधार कार्ड/वोटर आईडी साथ रखना अनिवार्य होगा।

### विप्र पत्रिका विमोचन एवं मेधावी सम्मान समारोह

**सागर।** रविवार को 12बजे से रविंद्र भवन में ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह और वैवाहिक पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। युवा ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड के अध्यक्ष पं. भरत तिवारी ने बताया कि विद्यार्थियों के सम्मान के लिए राजस्थान के जयपुर से बांधने वाली गुलाबी पगड़ी मंगाई गई हैं साथ ही यूपी के वाराणसी से स्पेशल शाल भी मंगाए गए है। अतिथियों का स्वागत भी विप्र परंपरा अनुसार रुद्राक्ष माला से किया जायेगा मालाएं भी बनारस से आई है, मेधावियों का कौटिल्य सम्मान मोती माला, सम्मान पत्र, मेडल, शाल और पकड़ी बांधकर किया जायेगा। समाज के अग्रणी सहयोगियों का दधीचि सम्मान शाल एवं मूर्ति भेट करके किया जायेगा मूर्तियां भी मुरादाबाद से बुलाई गई है। शुक्रवार को तैयारियों को लेकर एक बैठक होटल आशीर्वाद सिविल लाइन में पं.राजेंद्र प्रसाद पांडेय सानौधा की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं.शिवप्रसाद तिवारी ने कार्यक्रम के व्यवस्था प्रभारी भी घोषित कर दिए जिसमें पूजन व्यवस्था प्रभारी पं.पंकज प्रसाद तिवारी,शिवम् शास्त्री, मंत्रोच्चार प्रभारी पं.रमाकांत त्रिवेदी, शिवनारायण शास्त्री,सुरेंद्र मिश्रा बालमुकुंद शास्त्री को बनाया गया,मंच व्यवस्था प्रभारी पं.मनोज पाण्डेय, डॉ रामचंद्र शर्मा, रघु शास्त्री, योगेश दीक्षित, सम्मान व्यवस्था प्रभारी पं.अशोक दुबे, पं.सुशील पांडेय ढाना,मंच संचालन व्यवस्था पं.पप्पू तिवारी, अतिथि स्वागत व्यवस्था पं.अजय दुबे, डॉ अनिल तिवारी देखेंगे, तिलक व्यवस्था पं.जयकुमार गोलू तिवारी, दिनेश पाण्डेय,राजकृष्ण शास्त्री, अल्पाहार भोज व्यवस्था सुशील रामकृष्ण तिवारी, अभिषेक व्यास, सुमित भार्गव रजिस्ट्रेशन व्यवस्था, संदीप नागाईच विनोद शुक्ला, अमित ब्रह्मभट्ट, पत्रिका वितरण व्यवस्था कुलदीप तिवारी,राकेश प्यासी,और देवेंद्र जी देखेंगे।

### जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन आज

**सागर।** 31 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान के अंतर्गत सागर में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर बुधवार को संभागीय भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं जनजागरण अभियान टोली जिला संयोजक धीरज सिंह भी उपस्थित रहें। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि कहा कि विकसित भारत जी राम जी ग्रामीण गरीबों, श्रमिकों और मेहनतकश मजदूर वर्ग के जीवन में भरोसा, सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने की सशक्त व्यवस्था है। यह अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक समय पर काम, पूरा पारिश्रमिक और पारदर्शी व्यवस्था पहुँचाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

---

महापौर परिषद की बैठक सम्पन्न, विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत लिए गए निर्णय

# एलीवेटेड कॉरीडोर का नाम अटल पथ करने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

महापौर परिषद की बैठक महापौर संगीता सुशील तिवारी की अध्यक्षता में एम आई सी सदस्यों एवं नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में आयोजित की गई। जिसमें नगर विकास एवं सौन्दर्यीकरण के साथ ही निगम की आय बढ़ाने के महत्वपूर्ण विषयों पर सभी सदस्यों द्वारा चर्चा उपरांत निर्णय लिए गए हैं। बैठक में महापौर संगीता सुशील तिवारी ने सुझाव दिया कि एलीवेटेड कॉरीडोर का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के नाम पर अटल पथ किया जाये जिसपर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। म.प्र.शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र अनुसार हाथ ठेला/फेरी वाले रेहड़ी वालों की पंचायत में मुख्यमंत्री की घोषणा के दिशा निर्देशानुसार शहर में हाकर्स जोन प्रस्तावित किये गये। इस हेतु विभिन्न स्थानों पर हाकर्स जोन एवं दर प्रतिमाह प्रस्तावित की गई। बाजार विभाग द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर हाकर्स जोन स्थापित किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई। इस संबंध में महापौर संगीता सुशील तिवारी एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहे जैसे शीतलामाता मंदिर, वंदे मातरम चौक, संविधान चौक सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर अगर जगह है तो ऐसे स्थानों को भी हाकर्स जोन बनाने के लिये जगह चिन्हित करने हेतु एक सप्ताह में कार्यवाही की जाये तथा चिन्हित किये गये सभी स्थानों की



वीडियोग्राफी भी करायी जाये। हाकर्स जोन के लिये न्यूनतम दर रू. 1000/- निर्धारित करने की अनुशंसा सहित विषय को परिषद में भेजे जाने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में एम आई सी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर ने भी सुझाव दिए।प्रोजेक्ट मैनेजर एम.पी.यू.डी.सी. सागर का पत्र के पत्रानुसार पैकेज 6-बी अंतर्गत नगर निगम सागर, नगर पालिक मकरोनियाँ जलप्रदाय उन्नयन योजना के अंतर्गत घरेलू नल कनेक्शनों के संयोजन के लिये टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा की गई गणना पत्रक अनुसार विभिन्न पाईप लाईनों की साइज अनुसार नल कनेक्शन के संयोजन की राशि लिये जाने के संबंध में दरों के निर्धारण करने हेतु निर्णय लिया गया कि टाटा प्रोजेक्ट द्वारा प्रस्तावित दरें अधिक होने के कारण एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया जो एक सप्ताह में जलप्रदाय विभाग एवं टाटा प्रोजेक्ट के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर दरों का निर्धारण करेगी।निर्माणाधीन डी.डी. काम्पलेक्स कटरा बाजार सागर की शेष दुकानों के आवंटन हेतु ई-निविदा जारी की गई। जिसमें दुकान क्रमांक 10 प्रथम तल आफसेट वीरेन्द्र जैन एवं दुकान कमांक 18 भू-तल पर कमलाबाई जैन के उच्चतम आफर को अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु निगम परिषद में भेजे जाने का निर्णय लिया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ए.एच.पी. घटक मेनपानी आवास निर्माण एंजेसी मोन्टो कार्लो लिमिटेड अहमदाबाद के आवेदन अनुसार मेनपानी प्रोजेक्ट के क्षतिग्रस्त भवनों का आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु महापौर परिषद प्र.क. 18 18.03.2025 में आंशिक संशोधन करते हुए कनेरादेव भवनों एवं महापौर परिषद पुष्टि की प्रत्याशा में जमा राशि मेनपानी के भवनों, में मरम्मत कार्य आवश्यक हाने के कारण आश्रय शुल्क की जमा राशि से रू. 2 करोड़ बिना ब्याज के ऋण के रूप में लेकर मेनपानी आवास योजना का भी नियमानुसार भुगतान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी, विषय की पुष्टि की गई।

कलेक्टर के आदेशानुसार दै.वे.भो. कर्मचारियों के मासिक एवं दैनिक वेतन की दरों में वृध्दि की गई। अतः निगम में पदस्थ दैनिक वेतन भोगी / मस्टर कर्मचारियों को आदेशानुसार बढी हुई दरों से वेतन दिये जाने की महापौर परिषद पुष्टि की प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान गई महापौर परिषद द्वारा पुष्टि प्रदान की गई।अपर मुख्य सचिव एवं आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र.भोपाल के निर्देश अनुसार किसी भी नगरीय निकाय में ठोस अपशिष्ट परियोजना अंतर्गत लीगेसी बेस्ट एवं अन्य कचरा 30.06. 2026 के पूर्व निष्पादन कराया जाये। लगभग 70 हजार से 80 हजार मीट्रिक टन कचरा निष्पादन हेतु अल्पकालीन निविदा बुलायी जाना है। कार्य आवश्यक होने से महापौर परिषद पुष्टि की प्रत्याशा में अल्पकालीन निविदा जारी करने की स्वीकृति दी गई एम आई सी द्वारा विषय की पुष्टि की गई। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल का पत्र अनुसार मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत नगर निगम सागर में पार्क एवं खेल मैदान का निर्माण कार्य हेतु राशि रू. 5.98 करोड़ की सैध्दांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। महापौर परिषद पुष्टि की प्रत्याशा में सक्षम स्वीकृति एवं निविदा आमंत्रित करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

---

## रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में पं प्रेमभूषण के श्रीमुख से श्रीराम कथा का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में श्रीराम कथा एवं प्राण-प्रतिष्ठा के सात दिवसीय महाआयोजन का भव्य शुभारंभ आज 31 जनवरी को दोपहर दो बजे श्रीराम कथा के निष्णात और प्रसिद्ध विद्वान पं प्रेमभूषण जी महाराज के सानिंध्य में होगा। इस आयोजन के मुख्य यजमान पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने व्यवस्था से जुड़े सभी सेवादारों की संयुक्त बैठक लेकर इंतजामों की बारीकी से समीक्षा की। आयोजन के लिए रुद्राक्ष धाम मंदिर परिसर और इसके सामने स्टेडियम स्थित विशाल पंडाल समेत संपूर्ण आयोजन स्थल अयोध्या जी की तरह सजाया गया है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने तैयारियों के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि इस आयोजन के लिए हम सभी ने डेढ़ माह से परिश्रम किया है। अब आगामी सात दिन हम सभी की परीक्षा का समय होगा जिसमें हम सभी को बिना किसी त्रुटि के सफल होना है। आयोजन में प्रतिदिन आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुविधा से रुद्राक्ष धाम प्रांगण में नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर, श्रीराधा कृष्ण जी मंदिर एवं श्री राम जानकी मंदिर के सुविधाजनक दर्शन हो जाएं, सभी श्रद्धालु मनोयोग से भगवान श्री राम की कथा का श्रवण कर भक्तिभाव में डूबें और प्रसादी ग्रहण कर सकें यही सारी व्यवस्थाओं का मुख्य उद्देश्य है। आयोजन निर्विघ्न और सफल हो इसके लिए भगवान ने ही हम सभी को निमित्त बना कर सेवा का यह अवसर दिया है जिसमें हम सभी को समर्पित भाव से काम में जुटना है।



## शाहपुर नगर के प्रमुख स्थानो की साफ सफाई कराई

गढाकोटा। नगर परिषद् शाहपुर एवं सहयोगी संस्था आस्था सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति दौरा नगर के प्रमुख 26 स्थान की सफाई कराई गई। और लोगों को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम प्रांजल राय उपयंत्री एवं बालकिशन पटेल मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा कराया गया। इस कार्यक्रम में सफाई दरोगा भागचंद के साथ सभी सफाई मित्रों द्वारा अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया गया। गणतंत्र दिवस के अंतर्गत प्लाग रन का आयोजन किया गया जिसमें निकाय के कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का क्रियान्वयन जीरो वेस्ट इवेंट के अंतर्गत किया गया। इस तरह निकाय द्वारा लगातार स्वच्छता गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है जिससे निकाय सफाई में उच्च स्थान पाकर स्वच्छ सर्वेक्षण में भी अच्छा प्रदर्शन करे। विधायक गोपाल भार्गव के नेतृत्व में निकाय द्वारा पेयजल स्त्रोत का भी सतत निरीक्षण किया जा रहा है। जिससे निकाय के जनमानस को स्वच्छ पेयजल एवं साफ सफाई की निरंतर उपलब्धता बनी रहे। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष महोदय देवराज सिंह लोधी के साथ साथ पार्षद गणों एवं जनमानस का सहयोग मिलने से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में धर्मदास अहिरवाल ,नरेंद्र कुशवाह, दिग्गीराज अहिरवार, आकाश अहिरवार इत्यादि की उपस्थिति रही।

---



## टायर दुकान से नकदी और सोने का पेंडल गायबः नगर के मुख्य चौराहे पर लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई के प्रमुख परसा चौराहा स्थित एक टायर की दुकान में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर नकदी और सोने का पेंडल चुरा लिया। यह घटना शहर के मुख्य चौराहे पर हुई, जहां पुलिस गश्त बिंदु और सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। दुकान संचालक खुशाल आहूजा ने बताया कि सुबह जब वह दुकान के सामने सब्जी खरीद रहे थे, तब उन्होंने देखा कि दुकान के ताले गायब थे। पास जाकर देखने पर एक ताला दूर पड़ा मिला, जबकि दूसरा नहीं मिला और शटर के हुक मुड़े हुए थे। चोरी की आशंका पर शटर खोलने पर दुकान के दराज खुले मिले।

### 2.5 लाख नकद चुराए

आहूजा के अनुसार, दुकान से करीब ढाई लाख रुपए नकद और 50 हजार रुपए कीमत का एक सोने का पेंडल चोरी हो गया। दुकान में लगे चार कैमरों में से तीन के कनेक्शन काट दिए गए थे, जबकि एक कैमरे को दूसरी दिशा में घुमा दिया गया था। यह घटना शहर के मुख्य चौराहे पर हुई है, जहां पुलिस गश्त बिंदु भी है।खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने घटना की सूचना मिलते ही शहरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

---

## शहीद दिवस पर अमर शहीद साबूलाल जी को किया याद, श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस पर नगर के नदीपार स्थित अमर शहीद साबूलाल जी की स्मारक पर नगर के गणमान्यों एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बच्चों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम किए एवं साबूलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के द्वारा बच्चों कि प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी द्वारा बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया गया।

वही राष्ट्रपति से पुरूस्कृत रिटायर्ड शिक्षक पी एल पटेल ने अमर शहीद साबूलाल कि जीवन गाथा सुनाते हुये बताया कि अमर शहीद साबूलाल का जन्म 5 सितंबर 1923 को सुभाष वार्ड गढ़ाकोटा में सुक्के जैन जी के यहां हुआ था 9 अगस्त 1942 को जब संपूर्ण भारत देश में गांधी जी के द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन चल रहा था उसीक्रम में गढाकोटा नगर में भी इसी कार्यक्रम की तैयारियां जोरो से चल रही थी तभी नगर के मुख्य बाजार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एकट्ठे हो रहे थे और उन्होंने थाने में झंडा फहराने निर्णय लिया था। सभी जुलूस लेकर नदी पार स्थित थाना परिसर पहुंचे जहां थानेदार गया प्रसाद ड्यूटी पर थे तो उन्होंने इतने ज्यादा लोग इकट्ठा देख लाठीचार्ज कर दिया। जिसमें दोनों तरफ के लोग बुरी तरह से घायल हो गए इसी बीच साबू लाल जी हाथ में तिरंगा झंडा लेकर थाने में फहराने पहुंचे तो उन्हें गोली मार दी गई और वे तिरंगा लिए जमीन पर गिर पड़े और शहीद हो गये। उनकी आयु उस समय सत्तरह साल की थी। इस घटनाक्रम में करीब 19 सत्याग्रहीयो को जेल भी जाना पड़ा गोली लगने वालों में अमर शहीद साबूलाल जैन थे एवं धनीराम पिता शालकराम दुबे, कुंजीलाल पिता हरप्रसाद नामदेव थे। कार्यक्रम के अंत मे ठीक 11 बजे बिगुल बजते ही सभी ने अमर शहीद साबूलाल जी को अपने श्रृद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम के अंत मे ठीक 11 बजे बिगुल बजते ही सभी ने अमर शहीद साबूलाल जी को अपने श्रृद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, फूल रानी यादव, एसएस ठाकुर प्राचार्य, बसंत यादव, कमलेश साहू, जावेद मयूर, शेख मजीद, शंभू दुबे, आदेश सेठ, राजेन्द्र चौबे, अमित सोनी के साथ शाला के शिक्षक शिक्षिकाओ के साथ नगर के पत्रकारगण ने अमर शहीद को श्रृद्धांजलि अर्पित की।

---



## पीएम श्री हाईस्कूल पंढरपुर में सोशल मीडिया के बढ़ते दुष्प्रभाव पर बच्चों के नाटक ने जीता दिल

**रहली।** 'पीएम श्री हाईस्कूल पंढरपुर' में हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संस्था प्रभारी प्राचार्य मनीष तिवारी ने तिरंगा फहराया, जिसके बाद राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी गई। इसके पश्चात विद्यालय से नगर के सुभाष चंद्र बोस चौक तक भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। चौक पर विद्यार्थियों ने एनसीसी गीत ₹हम सब भारतीय हैं₹ का सुमधुर गायन किया। भारत माता के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा।ध्वजारोहण के उपरांत विद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस वर्ष का मुख्य आकर्षण आधुनिक जीवनशैली पर आधारित एक लघु नाटिका रही। विषयः सोशल नेटवर्किंग साइट्स और मोबाइल ऐप्स का अत्यधिक उपयोग। सन्देशः बच्चों ने अभिनय के माध्यम से दिखाया कि कैसे तकनीक की लत समय की बर्बादी, स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव और आपसी रिश्तों में दूरियाँ बढ़ा रही है। उपस्थित अभिभावकों और प्रबुद्धजनों ने इस प्रस्तुति की मुक्त कंठ से सराहना की। प्राचार्य तिवारी ने बताया कि इस सफल आयोजन के लिए शिक्षक और विद्यार्थी पिछले एक सप्ताह से कड़ी मेहनत कर रहे थे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रतिमा पारासर द्वारा किया गया, वहीं आभार प्रदर्शन श्रीमती रामकुमारी यादव ने किया। इस अवसर पर वार्ड के प्रबुद्ध नागरिक, अभिभावक, विद्यालय का समस्त शिक्षक स्टाफ, अतिथि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

जिला शहर कांग्रेस ने शहादत दिवस पर बापू को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

# बापू का सत्याग्रह और सामाजिक सद्भाव ही आज की सबसे बड़ी जरूरतः जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने न केवल आजादी में गांधी जी के संघर्ष को याद किया, बल्कि वर्तमान समय में उनके विचारों की आवश्यकता पर भी बल दिया। इस अवसर पर गांधीवादी विचारधारा से प्रभावित होकर कई महिलाओं, युवाओं और नागरिकों ने कांग्रेस की सदस्यता भी ग्रहण की। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा गांधी जी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक शाश्वत विचार हैं। बापू ने हमें लाठी या बंदूक से नहीं, बल्कि सत्य और अहिंसा के आत्मबल से आजादी दिलाई।



आज जब समाज में वैमनस्य और ध्रुवीकरण की कोशिशें हो रही हैं, तब बापू के 'सत्य और अहिंसा' के अस्त्र पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। ऐसे में बापू का 'अंतिम जन' के कल्याण का मार्ग ही हमें सही रास्ता दिखा सकता है। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए उनके 'सर्वधर्म समभाव' के विचार को घर-घर तक पहुंचाना होगा।वरिष्ठ नेता अमित रामजी दुबे ने कहा कि बापू ने देश को निर्भय होकर अन्याय के खिलाफ खड़ा होना सिखाया, जो आज के दौर में लोकतंत्र को बचाने के लिए बेहद जरूरी है।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक ने विषय की गहराई पर प्रकाश डालते हुए कहा, गांधीवाद केवल एक राजनीतिक विचारधारा नहीं, बल्कि एक उन्नत सामाजिक दर्शन है। आज के दौर में 'सर्वधर्म समभाव' और 'परस्पर विश्वास' ही हमारे लोकतंत्र की नींव को मजबूत रख सकते हैं। गांधी जी के सिद्धांतों को अपनाना ही देश की एकता और अखंडता की वास्तविक गारंटी है। उन्होंने कहा कि गांधी जी की प्रासंगिकता कभी समाप्त नहीं हो सकती। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलना ही वास्तविक गांधीवाद है। वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र सुहाने ने बापू के स्वदेशी संकल्प को आत्मनिर्भरता का आधार बताया, वहीं रमाकांत यादव ने राजनीति में सादगी और शुचिता की महत्ता पर जोर दिया।

राष्ट्रपिता के विचारों से प्रभावित होकर देवेंद्र सिंह गौड़, लली सिंह गौंड और शीतल प्रसाद वर्मा ने अपने साथियों सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष महेश जाटव ने उन्हें सूत की माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया। कार्यक्रम का संचालन सिंटू कटारे एवं आभार प्रदर्शन आनंद हेला ने किया।

---

## नगर निगम के 4 कर्मचारी हुए सेवानिवृत

**सागर।** नगर निगम जलप्रदाय एवं पदमाकर स्कूल में कार्यरत 4 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जलप्रदाय शाखा के प्रकाश राजपूत, बलराम मिश्रा, लक्ष्मीनारायण यादव एवं पदमाकर स्कूल में पदस्थ मीना घोषी के सेवानिवृत होने पर उन्हे प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर उपयंत्री रामाधार तिवारी, राहुल रैकवार, मनोज अग्रवाल, धर्मेन्द्र बन्टू बोहरे, मनोज चौबे, संजय यादव, सुबोध सागर, कौतुकेय सिंह, हरेन्द्र खटीक एवं नीलम पचौरी उपस्थित थी।

### संतों के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय का घेरावकर सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

# शिक्षा नहीं, सुनियोजित हमला है यूजीसी कानूनः सवर्ण समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए यूजीसी कानून के विरोध की चिंगारी अब महानगरों से निकलकर ग्रामीण और नगरीय अंचलों तक पहुंच चुकी है। इसी क्रम में सवर्ण समाज ने इस कानून को काला कानून बताते हुए यूजीसी के खिलाफ आक्रामक मोर्चा खोल दिया। सवर्ण समाज ने संतों के मार्गदर्शन में यूजीसी कानून के खिलाफ बाइक रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन किया और फिर कलेक्ट्रेट का घेराव कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। संतों के मार्गदर्शन में सैकड़ों की संख्या में युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और समाज के प्रबुद्धजन कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट शब्दों में चेताया कि नया यूजीसी कानून कोई सामान्य प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि भारत की उच्च शिक्षा और संवैधानिक मूल्यों पर सुनियोजित सीधा हमला है।






#### शिक्षा नहीं, सुनियोजित हमला है नया यूजीसी कानून

ज्ञापन में कहा गया है कि यह जो नया यूजीसी कानून लागू किया गया है वो संविधान के मुताबिक नहीं है क्योंकि यह काला कानून समान अवसर की अवधारणा को कमजोर करता है। जातिगत भेदभाव को बढ़ावा देता है। सामाजिक न्याय की बुनियाद को हिलाता है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यदि इस काले कानून यूजीसी को आज नहीं रोका गया, तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। क्योंकि इस काले कानून से आने बाली पीढ़ियों का जीवन ही महत्वहीन हो जायेगा। आने बाली पीढ़ी को सामजिक समरसता का जीवन जीने को नहीं मिलेगा।

#### राष्ट्र की रीढ़ को बाजार के हवाले करने का षड्यंत्र

सवर्ण समाज ने आरोप लगाया कि भारत का संविधान सामाजिक न्याय और लोकतंत्र पर आधारित है। जिसमें समरसता को ध्यान में रखकर सभी को न्याय दिलाने की प्राथमिकता दी गईं है। लेकिन नए यूजीसी कानून ने संविधान के मूल्यों को ताक पर रखकर शिक्षा के केंद्रीयकरण, अस्थिरता और बाजारीकरण को बढ़ावा दिया है। सवर्ण समाज का कहना है कि उच्च शिक्षा किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है, और यदि इसे बाजार के हवाले किया गया तो इसके दूरगामी दुष्परिणाम होंगे। ज्ञापन में राष्ट्रपति से आग्रह करते हुए कहा गया है कि पूरे यूजीसी कानून के संशोधन को निरस्त किया जाये। और साथ ही संशोधन समिति को बर्खास्त किया जाये। और शिक्षा व्यवस्था को लोकतांत्रिक, सुधारात्मक व समावेशी रूप से बनाया जाये। जिससे शिक्षा के केंद्र में छात्र रूप में राष्ट्र का निर्माण हो। न कि राष्ट्र को विघटित करने का षड्यंत्र किया जाये। अगर यूजीसी क़ानून लागू रहा तो शिक्षा के केंद्र में शिक्षा नहीं बल्कि राष्ट्र विघटन का खेल खेलना प्रारंभ हो जायेगा जो आगे चलकर विधवंशक होगा।

#### संतों की चेतावनी, खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

इस आंदोलन में मुख्य रूप से शामिल महंत श्री सीताराम दास महाराज, संत श्री फलहारी महाराज जी ने चेतावनी देते हुए कहा कि देश के भविष्य निर्माण एबं जनता के न्याय को ध्यान में रखते हुए कोई कानून बनाया जाता है लेकिन यूजीसी क़ानून के रूप में सरकार द्वारा शिक्षा से छेड़छाड़ और राष्ट्र के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है, जो कि देश के भविष्य के लिये घातक साबित होगा और संत समाज इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा। इस अवसर पर सुरेश दोदेरिया, प्रकाश अग्रवाल, सुधीर बजाज, केएम खरे, गोविंद प्रताप सिंह, राहुल सिंह, पुष्पेंद्र तिवारी, बृजकिशोर तिवारी, पिंटू बड़ागांव, राजा सिंधी, अभिषेक जैन, सौरभ शर्मा, गौरव शर्मा, राहुल तिवारी, विवेक गुप्ता, राहुल मिश्रा रानू, रविकरण त्रिपाठी, शिवानी खेवरिया, प्रीति मिनी खरे मोनू रावत सहित बड़ी संख्या में महिला प्रतिनिधि और युवाओं समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### भंडाफोड़ : शादी कराकर लूटते थे दूल्हा के परिजनों को

# नातिन ने अपनी मौसी को बेचने का प्रयास कर किया रिश्तों को तार-तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम अस्तोन के एक गिरोह को सिंगरौली निवासी लड़की को उसी की भतीजी ने बेचकर रिश्तों को तार तार कर दिया। लेकिन ज़ब अस्तोन के गिरोह ने उक्त लड़की की शादी उत्तरप्रदेश के कल्याणपुर निवासी एक व्यक्ति से पैसे लेकर की तब उक्त दूल्हा बना व्यक्ति चौकस निकला। जिसके चौकस दिमाग़ की वजह से उक्त लड़की सकुशल अपने परिजनों तक पहुंच गई। फिर परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर शिकायत की। शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी नातिन ने मेरी लड़की को रोजगार देने के बहाने साथ ले जाकर अस्तोन के गिरोह को बेच दिया था। और उस गिरोह ने उत्तरप्रदेश में एक व्यक्ति से पैसे लेकर लड़की की उससे शादी करवा दी।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिए आवेदन में सिंगरौली निवासी सोनिया देवी पत्नी खिलावन सिंह उर्फ छोटे सिंह ग्राम फहरा ने बताया कि मेरी नातिन ने मेरी छोटी बेटी को रोजगार दिलाने के नाम पर अपने साथ ले जाकर अस्तोन निवासी सपना संदीप राय व जगन्नाथ लोधी को बेच दिया। शिकायतकर्ता महिला सोनिया ने पुलिस को बताया कि सपना संदीप राय व जगन्नाथ लोधी लड़कियों की फर्जी कोर्ट मैरिज करवाकर लड़का पक्ष से मोटी रकम वसूलते हैं और फिर कुछ दिनों के बाद दुल्हन अपने ससुराल से सामान लूटकर भाग जाती है। सपना संदीप राय व इनके साथियों ने इसी योजना के तहत पीड़ति महिला सोनिया की बेटी की शादी भी उत्तरप्रदेश के ललितपुर के कल्यानपुरा निवासी लालसिंह लोधी के बेटे से दो लाख रुपए लेकर करा रहे थे। लेकिन लालसिंह लोधी ने समझदारी दिखाई और लड़की के माता पिता का नाम जानना चाहा। तब संदीप राय ने लड़की को धमकाते हुए सच बताने पर जान से मारने की धमकी दी। जिससे लड़की डर गयी और लालसिंह लोधी से कहने लगी कि साहिब मुझे यहां से ले चलो। इन लोगों से मुझे बचा लो और मेरे मम्मी पापा के पास भिजवा दो, नहीं तो सपना संदीप राय मुझे जान से मरवा देगा। यह सब बाते सुनकर लालसिंह लोधी ने अपने दो लाख रुपए की परवाह ना करते हुए लड़की को अपने साथ अपने घर ले जाकर लड़की के माध्यम से उसके माता पिता से संपर्क किया और फोन पर बात कर लड़की के माता पिता को सारी स्थिति से अवगत कराया।

अपनी लड़की के बारे में ये बात सुनकर आनन फानन में लड़की के माता-पिता अपनी बेटी को लेने ललितपुर कल्यानपुरा निवासी लालसिंह के घर आ गये। जहाँ उन्होंने अपनी बेटी को सकुशल पाकर टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक कार्यालय आये और पुलिस को पूरी बात बताई। पीड़ित महिला सोनिया ने पुलिस से न्याय की मांग करते हुए कहा कि लालसिंह लोधी के दो लाख रुपए सपना संदीप राय से वापस दिलाये जाएं और अभी दोषियों के बिरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए।

### नेशनल मास्टर्स स्विमिंग में अरविंद ने शानदार प्रदर्शन कर तीन पदक जीते

**ललितपुर।** महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित 8वीं नेशनल मास्टर्स स्विमिंग चैंपियनशिप 2026 के दूसरे दिन भी ललितपुर जनपद के तैराक अरविन्द कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुए पदकों की झड़ी लगा दी। 35+ आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे अरविन्द कुमार ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन, 200 मीटर फ्री-स्टाइल में सिल्वर मेडल तथा 100 मीटर फ्री-स्टाइल में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी व्यक्तिगत क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही टीम इवेंट में अरविन्द ने 4 बाई 50 मीटर फ्री-स्टाइल रिले की 120-160 वर्ष आयु वर्ग स्पर्धा में अपनी टीम के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

### तृतीय वर्ष बड़ागांव धसान महोत्सव का हुआ शुभारंभ

# उद्घाटन मैच में कारी टीम ने हटा टीम पर की 6 विकेट से जीत दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान




नगर में स्थानीय मिथिला खेड़ा स्टेडियम में दिनांक 30 जनवरी को क्रिकेट टूर्नामेंट से बड़ागांव महोत्सव का भव्य रूप में शुभारंभ किया गया। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि नगर परिषद बड़ागांव अध्यक्ष प्रतिनिधि रामलाल प्रजापति ने क्रिकेट ग्राउंड पर रिबन काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में जगदीश असाटी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पदम जैन नगर पालिका सीएमओ एवं सुनील रैकवार भाजपा मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

शुभारम्भ अवसर पर टूर्नामेंट में आज दो मैच खेले गए। उद्घाटन मैच कारी नगर परिषद और हटा के मध्य हुआ। जिसमें कारी ने 6 विकट से जीत हासिल की। जिसमें मैन ऑफ द मैच आकाश को चुना गया। दूसरा मैच अमित इलेविन और गुलगंज के मध्य खेला गया जिसमें अमित इलेविन ने 1 रन से विजय प्राप्त की। इसमें मैंन आफ द मैच मुकदम राजा को घोषित किया गया। उक्त आयोजन की कमेटी अध्यक्ष मुकेश सेन, संजय गुप्ता, सनी पठान, स्वदेश तोमर, सोहित पांडे ने बताया है कि यह टूर्नामेंट 30 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगा। महोत्सव के दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे जिसमें स्कूली बच्चों के मध्य बिभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर परिषद के पार्षदगण कपिल नामदेव, रानू सिंघई, अजीज़ खान, गगन फणींद्र फते विश्वकर्मा, राकेश यादव, रमेश अहिरवार, मोहना अहिरवार सहित पूर्व चेयरमैन रमेश पांडेय, पूर्व पार्षद राजेन्द्र खरें, सुनील चोरसिया, हरीश गुप्ता, सनी पठान, राघवेन्द्र सिंह, लल्लू पठान, रोहित पांडे, देविंद्र चोरयाल, स्वदेश तोमर, रुद्र प्रताप सिंह, संजय गुप्ता, रवि पांडे सोभाराम विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा रितिक राजा , गोकुल विश्वकर्मा अंकुश शुक्ला, आकाश, विकास पांडे, बिक्की राय, भूरे राय सहित सैकड़ों नगर वासी उपस्थित रहे।

### मां नर्मदा केंद्र में बच्चों संग पुलिस ने किया स्नेहपूर्ण संवाद

**टीकमगढ़।** संवेदनशील पुलिसिंग का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने महिला पुलिस को सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अंतर्गत निरंतर संवेदनशील एवं मानवीय पहल करते रहने के लिए निर्देशित किया है। जिसके तहत महिला सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा के नेतृत्व में महिला पुलिस द्वारा मानसिक एवं शारीरिक रूप से विशेष आवश्यकता वाले विशेष बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का कार्य किया जा रहा है।



महिला सेल की टीम द्वारा मानसिक एवं शारीरिक रूप से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विद्यालय माँ नर्मदा डीडीआरएस केंद्र में पहुंचकर बच्चों के साथ स्नेहपूर्ण एवं आत्मीय समय व्यतीत किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सेल की टीम ने बच्चों को टॉफी एवं शिक्षण सामग्री कॉपी, पेंसिल आदि वितरित की। साथ ही उनके साथ पढ़ाई, खेलकूद और दैनिक गतिविधियों पर सरल व सहज संवाद भी किया। महिला सेल टीम द्वारा बच्चों से गिनती, स्पेलिंग एवं सामान्य प्रश्न पूछे गए, जिनका बच्चों ने उत्साह, आत्मविश्वास और प्रसन्नता के साथ उत्तर देकर अपनी सीखने की क्षमता का परिचय दिया। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान ने पूरे वातावरण को भावनात्मक रूप से स्पर्श कर दिया। उक्त कार्यक्रम में महिला सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा, महिला आरक्षक मानसी तिवारी की सहभागिता रही। साथ ही माँ नर्मदा डीडीआरएस केंद्र से जया सिंह बुंदेला, सीमा पटेल, महेंद्र कुमार एवं राजकुमारी प्रजापति सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। महिला सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस का यह प्रयास विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के प्रति सहयोग, सम्मान एवं संवेदनशीलता का प्रतीक है, जिससे यह संदेश जाता है कि समाज का प्रत्येक बच्चा समान स्नेह, संरक्षण एवं अवसर का अधिकारी है।

### प्रधान आरक्षक के प्रति एसपी मंडलोई की मानवीय पहल

#### पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यस्थितियों, कल्याण व व्यक्तिगत समस्याओं की समीक्षा की

# संकट में देख अवकाश वृद्धि कर किया तत्काल सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में 30 जनवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यस्थितियों, कल्याण एवं व्यक्तिगत समस्याओं की समीक्षा की गई। इस दौरान एक प्रधान आरक्षक ने ज़ब अपने पारिवारिक संकट से एसपी मंडलोई को अवगत कराया तो स्थिति की गंभीरता को देख एसपी मंडलोई ने तत्काल अवकाश सीमा को आगे बढ़ाकर प्रधान आरक्षक की मानवीय मदद की।


पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने समीक्षा बैठक में विभाग कर्मियों की बीमारी, पारिवारिक परिस्थितियों, दुर्घटना और अवकाश से संबंधित मामलों से प्रभावित कर्मचारियों से संवेदनशील और व्यक्तिगत संवाद स्थापित किया। उन्होंने प्रत्येक प्रकरण को ध्यानपूर्वक सुना और प्रशासनिक सहयोग एवं मानवीय सहायता करने का आश्वासन दिया। इसी दौरान एक प्रधान आरक्षक की पारिवारिक समस्या पर पुलिस अधीक्षक ने व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करते हुए उनकी अवकाश अवधि आवश्यकतानुसार बढ़ा दी और परिजन के स्वास्थ्य के लिए उच्च स्तर के उपचार एवं परामर्श की व्यवस्था भी की। इस मानवीय पहल पर प्रधान आरक्षक ने भावनात्मक रूप से पुलिस अधीक्षक मंडलोई का धन्यवाद व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने आगे निर्देश देते हुए कहा कि लंबित अवकाश आवेदनों, प्रकरणों और अन्य प्रशासनिक मामलों का शीघ्र, निष्पक्ष एवं संवेदनशील निराकरण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारी कल्याण पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक परेशान नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने गश्त के दौरान 20 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत युवक को दबोचा

**ललितपुर।** सदर चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान बीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। चौकी इंचार्ज उ.नि. प्रशान्त राणा ने बताया कि वह अपने हमराह कां.देवेन्द्र कुमार व कां.दिलीप कुमार के साथ गोविन्दनगर तिराहा पर गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर ने आकर बताया कि लकडय़ापुरा में मुन्ना पहलवान के घर के पास खाली प्लाट में प्लास्टिक की बोरी लिये खड़ा है, जिसमें अवैध शराब है और वह शराब बेच रहा है। सूचना मिलने पर चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दविश दी। मौके से मोहल्ला रैदासपुरा में रहने वाले सुनील कुशवाहा पुत्र खेतसिंह कुशवाहा को धर दबोचा।

# अनियंत्रित ट्रक ने कार को टक्कर मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे पुरानी टेहरी सड़क पर एक सड़क दुर्घटना हुई। एक तेज रफ्तार ट्रक ने पहले एक कार को टक्कर मारी, जिससे कार अनियंत्रित होकर एक टैक्सी से जा टकराई। इस हादसे में टैक्सी में सवार दो लोग घायल हो गए, जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना सागर रोड पर पुरानी टेहरी के पास स्थित अहिंसा पेट्रोल पंप के समीप हुई। कार में सवार नौशाद अली ने बताया कि वे अपने तीन साथियों के साथ टीकमगढ़ से अपने घर पनया, थाना बमनौरा लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन कार में सवार पांचों लोग बाल-बाल बच गए। हालांकि, अनियंत्रित कार के टैक्सी से टकराने के कारण टैक्सी में सवार राजकुमार रैकवार और लक्ष्मण अहिरवार घायल हो गए। ये दोनों शहर के रौरैया मोहल्ला के निवासी बताए जा रहे हैं और उनका अस्पताल में इलाज जारी है। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल कोतवाली थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। कोतवाली थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह घोष ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### भाजपा नेता ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर सौंपा मांग पत्र

# चैत्र शुक्ल नवमी पर श्रीरामराजा महोत्सव कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करके जिले के एक युवा भाजपा नेता ने पहले चैत्र शुक्ल नवमी का महत्व एवं विशेषताएं बताईं और फिर एक ऐसी मांग कर डाली जिससे दो जिलों में धार्मिक व आध्यात्मिक धारा बहने लगेगी। साथ ही एक विश्व स्तरीय धार्मिक व पर्यटन स्थल की प्रसिद्धि में भी बढ़ोतरी होगी। भाजपा नेता विकास यादव ने दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की और ओरछा में श्री रामराजा सरकार महोत्सव का आयोजन कराने की मांग को लेकर एक पत्र सौंपा है।

केंद्रीय मंत्री को सौंपे गए पत्र में भाजपा नेता विकास यादव ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार ओरछा में प्रभु श्रीराम 16वीं सदी में ओरछा के तत्कालीन शासक महाराज मधुकर शाह की महारानी कुंवर गणेश की तपस्या और आस्था रूपी हठ के कारण अयोध्या से ओरछा आये थे। महारानी कुंवर गणेश ने साधु-संतो के साथ समारोह पूर्वक श्रावण मास की शुक्ल पंचमी विसं 1630 (1573 ई.) में पुष्य नक्षत्र में अयोध्या से प्रस्थान किया और 8 माह 27 दिन की पैदल यात्रा कर प्रभु श्रीराम को साथ लेकर चैत्र शुक्ल की पावन नवमी भौमवार (मंगलवार) विसं 1631 (1574 ई.) को ओरछा आयी थीं। प्रभु श्रीराम बालरूप में जिन तीन शर्तों के तहत अयोध्या से ओरछा आये थे। उनमे पहली शर्त यह थी कि जहाँ एक बार बैठ जायेंगे, बहाँ से उठेंगे नहीं। दूसरी शर्त यह थी कि सिर्फ पुष्य नक्षत्र में ही चलेंगे और तीसरी शर्त थी कि जहाँ रहेंगे बहाँ राजा के रूप में पूजे जाऐंगे। फिर बहाँ कोई दूसरा राजा नहीं रहेगा। जिसके तहत रामराजा सरकार ओरछा के महल में विराजमान हुए। शर्त अनुसार महारानी कुंवर गणेश ने अपने राजपाठ का परित्याग कर उन्हें ओरछा में राजा के रूप में स्थापित किया, जिसके बाद से वे ओरछा में श्री रामराजा सरकार कहलाये और आज भी वह संपूर्ण विश्व में से एक मात्र स्थान ओरछा के राजा के रूप में पूजे जाते हैं, वह प्रतिदिन अपना दरबार लगाते हैं और भक्तों की फरियाद सुनते हैं। ओरछा का रामराजा मंदिर भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहाँ आज भी उन्हें प्रतिदिन गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाता है। इसी पुनीत चैत्र शुक्ल नवमीं को पुष्य नक्षत्र में प्रभु श्री राम धरती पर अवतरित हुए और इसी पावन तिथि चैत्र शुक्ल नवमीं को ही गोस्वामी श्री तुलसीदास जी ने श्री रामचरित्रमानस की रचना शुरू की थी। उन्होंने आगे बताया कि विगत 7 दिसम्बर को ओरछा प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने ओरछा में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों के स्थल निरीक्षण के दौरान निवाड़ी जिला प्रशासन को खजुराहो की तर्ज पर ओरछा में सांस्कृति महोत्सव की योजना बनाने के निर्देश दिये थे, जिससे क्षेत्र की कला संस्कृति को नई पहचान मिल सके। भाजपा नेता विकास यादव ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मांग की है कि चैत्र नवमी की पावन तिथि पर ही प्रतिवर्ष ओरछा में 3 दिवसीय श्री रामराजा सरकार महोत्सव का आयोजन किया जाये। जिसमें पहले दिन भजन संध्या, दूसरे दिन बुंदेली गायन एवं तीसरे दिन श्री राम जन्मोत्सव का आयोजन हो।

#### चैत्र शुक्ल नवमी का महत्व और विशेषताएं

**भगवान राम का जन्मोत्सवः**
पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, त्रेतायुग में चैत्र शुक्ल नवमी के दिन, पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न में राजा दशरथ और माता कौशल्या के घर भगवान राम का जन्म हुआ था।

**नवरात्रि का समापन** यह तिथि नवरात्रि की नौवीं तिथि (नवमी) है, जो माँ दुर्गा के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री को समर्पित है। इस दिन कन्या पूजन का विशेष विधान है।

**शक्ति और भक्तिः** मान्यता है कि भगवान राम ने रावण वध से पहले माँ दुर्गा की पूजा की थी, इसलिए इस दिन शक्ति (दुर्गा) और भक्ति (राम) का अद्भुत संगम होता है।

**धार्मिक और आध्यात्मिक लाभः** रामनवमी के दिन ह्यरामायणह्न का पाठ, राम रक्षा स्तोत्र का जाप और हवन करने से पितृ दोष समाप्त होते हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है।

**सामाजिक और सांस्कृतिक महत्वः** यह पर्व समाज में एकता और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन कई जगहों पर भव्य रामलीला और शोभायात्राएँ निकाली जाती हैं।

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया मल्टी पर्पज सेंटर, पीएम जन औषधि केंद्र का शुभारंभ

# आदिम से आधुनिक काल की ओर अग्रसर करने का नाम है पीएम-जनमन: तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वनों में रहने वाले आदिवासियों को आदिम काल से आधुनिक काल की ओर अग्रसर करने का नाम पीएम जनमन योजना है। इस योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासियों के उद्धार का जो सपना देखा है वो अब मल्टी पर्पज सेंटर के माध्यम से पूरा हो रहा है। श्योपुर में ऐसे 24 केंद्र खोले जाएंगे। एक केंद्र की लागत 60 लाख रुपए है। मै सौभाग्यशाली हूं कि मुझे इस सौगात का शुभारंभ करने का अवसर मिल रहा है। अब आदिवासियों को सुविधाओं के लिए गांव से बाहर या गांव में अलग अलग स्थान पर नहीं जाना पड़ेगा एक ही स्थान पर सारी सुविधाएं मिल जाएगी। यह बात शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने रायपुरा में पीएम जनमन योजना के तहत मल्टी पर्पज केंद्र का शुभारंभ करते हुए कही।

जिला मुख्यालय पर पहुंचने से पहले विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कराहल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पीएम जन औषधि केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि जब राज्य सरकार में वह पहली बार मंत्री बने और उन्हें श्योपुर जिले के प्रभार का दायित्व सौंपा गया तब कराहल जैसे पिछड़े क्षेत्र में पीने के पानी का भी संकट था। महिलाएं नहाने को भी तरसती थी। बारिश के पानी से भरे गढ्ढों में नहाने को ही स्नान समझा जाता था। हम लोग ग्वालियर से साबुन तेल कंघी बिंदी इत्यादि एकत्रित कर यहां लाते थे और हमारे पार्टी के कार्यकर्ता श्योपुर से भी ऐसा ही सामान एकत्रित कर लाते थे तब इन्हें नहाने के लिए प्रेरित किया जाता था। इसके बावजूद इनके पास नहाने के लिए बारिश के पानी से भरा पोखर के अलावा कोई साधन नहीं था पर बीजेपी की सरकार ने इनके लिए पीने के पानी के साथ-साथ नहाने के पानी की व्यवस्था भी की है हर गांव में नल जल योजना लगाकर लगाई गई है अब पानी की कहीं कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासियों कि आजीविका बढ़ाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम भी आ रहे हैं। ऐसा ही कदम विगत दिनों जी राम जी योजना कानून बनाकर भाजपा की केंद्र सरकार ने उठाया है। जी राम जी आदिवासियों के रोजगार के लिए पलायन कि समस्या पर विराम लगाएगी। विधानसभा साहब ने ब्रॉडगेज रेलवे स्टेशन वर्धा से मेडिकल कॉलेज नागदा तक फोर लेन सड़क का भूमि पूजन ओर मयापुर ग्राम पंचायत में सीप नदी पर पीएमएसवाय योजना के तहत बने पुल का लोकार्पण किया।इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान, दुर्गालाल विजय, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, वरिष्ठ भाजपा नेता महावीर सिसोदिया आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।




### भाजपा कार्यालय में निर्मित नए कक्ष का शुभारंभ किया

कराहल में पीएम जन औषधि केंद्र का शुभारंभ करने के बाद श्योपुर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भाजपा कार्यालय के नए कक्ष का शुभारंभ किया ज्ञात हो कि शिवपुरी रोड पर रेस्ट हाउस के सामने भाजपा कार्यालय बना हुआ है जो दूसरी मंजिल पर संचालित हो रहा है। कार्यालय का निचला तल अभी तक स्टोर रूम में उपयोग हो रहा था लेकिन कई बुजुर्ग कार्यकर्ता जो दूर दराज गांवों से आते हैं वह सीढ़ियां चढ़कर ऊपर नहीं जा पा रहे थे ऐसे बुजुर्ग और दिव्यांग कार्यकर्ताओं की चिंता को ध्यान में रखते हुए नवागत जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने कार्यालय के निचले तल को लग्जरी बैठक के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया। जिसका शुभारंभ शुक्रवार को नरेंद्र सिंह तोमर ने फीता काट कर किया। इससे पहले रास्ते में विधानसभा अध्यक्ष का जगह जगह स्वागत उनके कार्यकर्ताओं ने किया।

### आसान होगा श्योपुर से आवदा का सफर

सेमल्दा मयापुर के पास सीप नदी पर प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पुल बनने से अब श्योपुर से आवदा तक का मार्ग और सुलभ हो जाएगा। ज्ञात हो कि गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से होते हुए सेमल्दा के पास सीप नदी पर पुल बनाया गया है जो सीधे जानपुरा, मयापुर से जानपुरा, नयागांव, बंधाली, आवदा तक सड़क मार्ग को जोड़ेगा इससे इस क्षेत्र में रहने वाले किसानों को भी लाभ मिलेगा। क्षेत्र के किसान अब फसल लेकर शहर में आने के बजाय इस मार्ग से होकर अपने वाहनों को ला सकते हैं यहां से ट्रैक्टर ट्राली को ईदगाह रोड होते हुए सलापुरा पुल से सीधे कृषि उपज मंडी में ले जा सकेंगे।

### अवैध शराब के खिलाफ देहात थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## राजस्थान जा रहा अंग्रेजी शराब से भरा ट्रक पुलिस ने पकडा, दो आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



देहात थाना पुलिस ने अवैध शराब के मामले में एक बडी कार्रवाई करते हुए अंग्रेजी शराब से भरे एक ट्रक को उस समय पकड लिया,जब यह ट्रक श्योपुर कोटा हाइवे होते हुए राजस्थान जा रहा था। ट्रक से 635 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। जिसकी कीमत 33 लाख 90 हजार रूपए के करीब है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को भी अरेस्ट किया है।

दोनों आरोपियों ने पुलिस को देखकर ट्रक से कूदकर भागने का प्रयास भी किया,मगर पुलिस की सक्रियता के चलते उनका प्रयास असफल हो गया। हालांकि पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर इ मामले की विवेचना शुरू कर दी है। लेकिन देहात थाना पुलिस की इस कार्रवाई से उन लोगों में हडकंप मच गया है,जो चोरी छिपे अवैध शराब कारोबार में लिप्त बने हुए है।

देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अवैध शराब कारोबार को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते पुलिस इस दिशा में सक्रिय बनी हुई है। इसी क्रम में बीती रात को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि श्योपुर-कोटा हाइवे के रास्ते बडी मात्रा में अंग्रेजी शराब अवैध रूप से राजस्थान ले जाई जा रही है। इसी सूचना पर थाने की पुलिस टीम को सक्रिय करते हुए श्योपुर कोटा हाइवे पर जलालपुरा चौकी के पास नाकेबंदी कर वाहनों की चैकिंग शुरू कर दी गई। पुलिस की इस चैकिंग को देखकर श्योपुर तरफ से राजस्थान जा रहा एक ट्रक को रोककर चैक किया तो ट्रक में सवार दो लोगों ने कूदकर भागने का प्रयास किया,मगर पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया। जिन्होने पूछताछ के दौरान अपने नाम माधवलाल पुत्र भैरूलाल मेघवाल निवासी चकतिया जिला चितौडगढ, धर्मेन्द्र पुत्र लक्ष्मण मीणा निवासी कुम्बाखेडा जिला चितौडगढ राजस्थान बताए है। ट्रक की तलाशी लेने पर उसके अंदर 635 पेटी अंग्रेजी शराब रखी मिली। शराब सहित ट्रक को जब्त कर लिया गया। शराब की कीमत 33 लाख 90 हजार रूपए के करीब ह। वहीं जब्त किए ट्रक की कीमत भी 25 लाख रूपए के आसपास है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथही एएसआई सुखवीर सिंह, प्रआ माधव,नवल भदौरिया, नितेन्द्र सिंह, नागेन्द्र सिंह, प्रआ चालक गिर्राज शर्मा, आरक्षक विनोद, जितेन्द्र शर्मा, अजय राजावत की अहम भूमिका रही है।

### संकल्प अभियान के तहत आवेदन लेने के लिए गठित किए दल

## सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने घर-घर पहुंच रही कर्मचारियों की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



सरकार की सभी योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही को मिले और कोई भी पात्र हितग्राही योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे इस उद्देश्य से सरकार ने संकल्प अभियान की शुरुआत की है। चार चरणों में चलने वाले इस अभियान के पहले चरण में कर्मचारी हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं। इस क्रम में सीएमओ आरआर यादव के निर्देश पर विभिन्न वार्डों में डोर टू डोर पहुंच रहे कर्मचारी लोगों से विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भरवा कर जमा कर रहे हैं।

संकल्प एवं समाधान अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी, 2026 तक चलेगा। इसमें आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत/नगरीय निकायों के वार्ड में नगरीय वार्ड स्तरीय समिति बनाई गई है। जिसमें ग्राम/नगरीय वार्ड स्तर के अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित किए गए हैं। सीएमओ द्वारा बनाई गई समिति में जहां नपा कर्मचारी नोडल अधिकारी कि भूमिका में हैं वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता उनका सहयोग कर रही हैं। घर घर पहुंच रही टीम वार्ड स्तर पर आवेदन/शिकायतों के एकत्रीकरण कर रही है। साथ ही शिविर लगाकर आवेदन एकत्रित किए जा रहे हैं। नोडल अधिकारी अपने लॉगिन से सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज भी कर रहे हैं।

### 41 हाजियों को मिला टिकट, 2 परीक्षण में अटके

## 28 हाजी मुंबई से, 8 जयपुर से भरेंगे सऊदी के लिए उड़ान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले से हज पर जाने वाले 43 में से 41 यात्रियों की हवाई उड़ान के लिए टिकट कंप्लीट हो गया है। जिनमें से 28 हाजी मुंबई से एवं 8 जयपुर से उड़ान भरेंगे दो यात्रियों का पासपोर्ट एवं दूसरी जानकारी परीक्षण अटक गई है जिनके आज कल में क्लियर होने की संभावना है।

केंद्रीय हज कमेटी के ट्रेनर एवं खादिमुल हुज्जाज अली असगर हाशमी ने बताया कि इस बार केंद्रीय हज कमेटी ने हाजियों को अपनी फ्लाइट खुद चयन करने का अवसर दिया है जिसके तहत गुरुवार को सभी हाजियों ने ऑनलाइन अपनी पसंद की फ्लाइट में टिकट बुक करा लिया है इससे लाभ यह होगा कि जो लोग परिवार सहित हज पर जा रहे हैं वह एक साथ फ्लाइट में पास पास सीट पर बैठ सकेंगे और होटल में भी एक ही स्थान पर रहने का मौका उन्हें मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि जिले से 43 लोगों का चयन हज 206 के लिए हुआ है उनमें से 9 हाजी 21 अप्रैल मुंबई से 19 हाजी 24 अप्रैल मुंबई से 8 हाजी 20 अप्रैल जयपुर से रवाना होंगे इनके ऑनलाइन टिकट बुक हो चुके हैं। इसके अलावा 5 ओर हाजी 19 मई में इंडिया से रवाना होंगे। 2 हाजियों के पासपोर्ट परीक्षण में पैंडिंग है वो भी एक दो दिन में क्लियर हो जाएंगे।

## यूजीसी के विरोध में सड़क पर उतरा सवर्ण समाज, नारेबाजी कर फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर श्योपुर में शुक्रवार को सवर्ण समाज ने यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के कथित 'काले कानून' के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। जय स्तंभ चौक पर हुए इस प्रदर्शन में यूजीसी का पुतला फूंका गया और रेग्यूलेशन तत्काल वापस लेने की मांग की। इस प्रदर्शन में सवर्ण समाज के विभिन्न वर्गों के लोग, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और राजनीतिक नेता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि यूजीसी के नए नियम समाज और शिक्षा व्यवस्था के लिए हानिकारक है और इसके दुरुपयोग की पूरी संभावना है। उन्होंने दावा किया कि यह नियम एक वर्ग विशेष के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देता है और छात्रों व शिक्षण संस्थानों के हितों के विपरीत है। सवर्ण समाज का कहना था कि इस कानून के कारण आम छात्रों और शिक्षकों को मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ सकता है।



सभी ने एक स्वर में सरकार से मांग की कि यूजीसी के इस नियम को पूरी तरह निरस्त किया जाए और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शी एवं न्यायसंगत नीतियां लागू की जाएं।


### तलावदा में विवाद, महिला ने जेठ को ईंट मारकर किया जख्मी,एफआईआर दर्ज

**श्योपुर।** मानपुर थाना क्षेत्र के गांव तलावदा में शुक्रवार को दीवार छेद करने के दौरान कपडो पर कचरा गिरने की बात को लेकर विवाद हो गया। गाली गलौच से शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। विवाद के दौरान जहां महिला ने अपने ही जेठ का ईट मारकर सिर फोड दिया। वही महिला की जेठ के लडके के द्वारा मारपीट कर दी गई। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस के द्वारा क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम तलावदा निवासी सोनू बैरवा अपने नए मकान की दीवार में छेद कर रहा था, छेद करने के दौरान कचरा बगल में रहने वाले उसके चाचा चिंरोजीलाल के घर में कपडो पर गिर गया। इस कचरे के गिरने से चिरोंजीलाल की पत्नी किरन बैरवा आग बबूला हो गई और गाली गलौच करते हुए बाहर आ गई। इसके बाद विवाद बढा तो किरन ने ईट उठाकर अपने जेठ शंभूलाल बैरवा के सिर में दे मारी,जिससे वह लहलुहान हो गया। पिता को लहुलूहान देखकर सोनू बैरवा ने किरन की गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। जिससे किरन भी जख्मी हो गई। इस मामले में पुलिस ने शंभूलाल की रिपोर्ट पर किरन के खिलाफ तथा किरन की रिपोर्ट पर सोनू बैरवा के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## पुलिस ने पकड़ा बाइक चोर, बरामद की बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कोतवाली थाना पुलिस ने एक बाइक को दबोचने में सफलता अर्जित की है। चोर के कब्जे से एक बाइक बरामद की है। कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि दबोच गए बाइक चोर ने पूछताछ के दौरान अपना नाम समीर मुसलमान पुत्र सुभान उर्फ गुड्डू मुसलमान निवासी पीपल्दी थाना देहात श्योपुर बताया है। उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक भी बरामद की है। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया है कि यह बाइक उसने 23 नवंबर 2025 की देर शाम को रामद्वारा मैरिज गार्डन के बाहर से चुराई है। यह बाइक मदन मोहन शिवहरे निवासी पांडोला की है, जो कि रामद्वारा गार्डन में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। इस बाइक चोर को दबोचने में कोतवाली टीआई के अलावा प्रआ लोकेन्द्र कंषाना, आरक्षक दिलीप शर्मा,पुरूषोत्तम रावत, देवेन्द्र गुर्जर, की सराहनीय भूमिका रही है।



### पुलिसलाइन में चोरों ने धावा बोलकर पुलिस को दिया खुला चैलेंज

# अब पुलिस वालों के घर भी सुरक्षित नहीं, टीआई और दरोगा समेत चार पुलिसकर्मियों के घरों के ताले चटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि अब वे पुलिस वालों के घरों को भी नहीं छोड रहे है और पुलिसकर्मियों के घरों के ताले तोडकर न सिर्फ नकदी और जेवर उडा रहे है,बल्कि पुलिस को भी खुला चैलेज दे रहे है। यह हम नहीं कह रहे,बल्कि इसकी बानगी बीती रात को तब देखने को मिली,जब चोरों ने पुलिस लाइन में धावा बोलते हुए वीरपुर टीआई, एएसआई,वाहन शाखा प्रभारी तथा चालक आरक्षक समेत चार पुलिसकर्मियों के घरों के ताले चटका दिए। इस दौरान चोर नकदी और जेवर समेत लाखों का माल समेट ले गए है। हालांकि पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन चोरी की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस की गश्त व्यवस्था को ठेंगा दिखाकर फरार हुए चोरों का कोई सुराग नहीं है।

जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन में चोरों ने गुरूवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को जिन पुलिसकर्मियों के घरो के ताले चटकाए है,उनमें वीरपुर टीआई महाराज सिंह वघेल, एएसआई राजेश सोनी (वाहन शाखा प्रभारी), बडौदा थाने में पदस्थ एएसआई परमाल सिंह और चालक आरक्षक विष्णु शर्मा शामिल हैं। बताया जा रहा है कि वारदात के दौरान चारो पुलिसकर्मियों के मकान सूने थे। क्योंकि वीरपुर टीआई महाराज सिंह बघेल तो वीरपुर में थाने का जिम्मा संभाल रहे है। वहीं एएसआई परमाल सिंह बडौदा थाने में ड्यूटी कर रहे है। जबकि वाहन शाखा प्रभारी और चालक आरक्षक भी बाहर गए थे। जिसका फायदा उठाकर चोरों ने इनके ताले चटका दिए। बताया जा रहा है कि चोरों को तीन पुलिसकर्मियों के घरों से कोई खास माल हाथ नहीं लगा है, लेकिन चालक आरक्षक विष्णु शर्मा के घर से चोर 60 हजार रुपये नकदी, चांदी की पायल, एक सोने की अंगूठी और चार सोने की बालियां आदि सामान चोरी कर ले गए। बता दें कि इसके पहले यातायात थाने में पदस्थ एक पुलिसकर्मी के घर से भी चोर ताला तोडकर लाखों का माल समेट कर ले गए है। इन चोरों का भी अभी तक कोई अता पता नहीं है।




### पुलिस लाइन में चोरी से सकते में लोग

पुलिस लाइन में चोरी की इस घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और चोरों को तलाशने की कार्रवाई फिंगर एक्सपर्ट और सीसीटीवी फुटेज के जरिए शुरू कर दी है। फिलहाल चोरी की इन वारदातों को अंजाम देकर भागे चोरों का कोई सुराग नहीं है,लेकिन पुलिस लाइन में हुई चोरी की इस वारदात से शहर समेत जिलेभर के लोग सकते में आकर चिंतित हो गए है कि जब पुलिस वालों के घर ही चोरों से सुरक्षित नहीं है तो फिर आमजन के घर सुरक्षित कैसे रह पाएंगे।

### भागवत कथा में शामिल होने परिवार समेत संबलगढ़ गया था आरक्षक

यहां बता दें कि चालक आरक्षक विष्णु शर्मा के सबलगढ स्थित अपने पैतृक घर पर परिवार की ओर से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया था, जिसमें शामिल होने के लिए वह एक दिन पहले ही परिवार समेत सबलगढ चला गया था, उनके जाने के बाद चोरों ने उनके सरकारी मकान में चोरी कर डाली। बताया जा रहा है कि चोर आरक्षक के घर से नकदी और जेवर ही ले गए है,इसके अलावा चोरों ने अन्य किसी सामान को हाथ भी नहीं लगाया है,जिसके चलते आरक्षक को लैपटॉप और लाइसेंसी बंदूक जैसे कीमती सामान घर में ही मिल गए।



### इनका कहना है

पुलिस लाइन में ताले टूटने की घटना हुई है। इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही चोरों को पता लगाकर उन्हें अरेस्ट कर लिया जाएगा।

**सत्यम सिंह गुर्जर**
**कोतवाली टीआई,श्योपुर**

## सरपंच संघ ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




शुक्रवार को जिले के एक दिवसीय प्रवास पर श्योपुर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को राष्ट्रीय सरपंच संघ की श्योपुर जिला इकाई ने ग्राम पंचायतों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण और विकास को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि किसानों को बरसात के दिनों में भी खेत तक ट्रेक्टर कृषि मशीनरी व खाद दवाईया लेकर जाना पड़ता है पक्के खेत सडक के अभाव में किसानो को खेत पर ट्रेक्टर कृषि मशीनरी खाद-दवाई लेकर पहुंचने में कच्चे रास्तो में भारी परेशानी आती है और वाहन पलट जाने से आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। समय पर खाद दवाई नहीं पहुंचने से फसल उत्पादन भी प्रभावित होता है। इसको ध्यान में रखते हुए श्योपुर जिले की सभी पंचायतों में खेत सड़क निर्माण कराई जाए। ज्ञापन में विबी जी रामजी मद के माध्यम से प्रत्येक पंचायत में आवश्यक खेत सडक बनवाने की प्रशासकीय स्वीकृति जारी करवाने की मांग की गई। ज्ञापन सौपने के दौरान सरपंच संघ के पदाधिकारी व कई ग्राम पंचायतो के सरपंच मौजूद थे।

## सलमानिया रोड पर हादसा, पिकअप की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र स्थित सलमानिया रोड पर बीती रात को एक बाइक और पिकअप की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बडौदा टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि ग्राम सलमानिया निवासी मंगल सिंह जाट 35 वर्ष बीती रात को जब बडौदा से अपने गांव जा रहा था,तभी रास्ते में डीजे साउंड सिस्टम लगी पिकअप गाडी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार मंगल सिंह जाट की मौत हो गई। इस मामले में पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और आरोपी चालक के खिलाफ एक्सीडेंट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए पड़ताल में जुटी पुलिस

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी मानक जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आशीष सोनी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिघरा निवासी श्रीपाल चन्देल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विकास जाट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दो बाईक टकराईं, दोनों पक्ष पर मामले पंजीबद्ध घायल अस्पताल में भर्ती

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम पचकुइया पुलिसा के पास दो बाईक आपस में टकरा गईं जिसमें दोनों बाईक चालकों को चोटे आई हैं दोनो बाईक चालकों ने एक दूसरे के विरूद्ध मामले दर्ज कराए हैं। एक पक्ष की ओर से ग्राम छीपौन निवासी रामवीर कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बबलू कुशवाह ने अपनी बाईक जिसका नम्बर एपी 67 एमजी 3106 को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक मे टक्कर मार दी, जिससे उसे चोटें आई हैं। इसी प्रकार दूसरे पक्ष की ओर से बबलू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामवीर कुशवाह ने अपनी बाईक जिसका नम्बर एमपी 08 एमएफ 9032 है उसे तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### एक घंटे तक वाहन चालकों को रास्ता खुलने का इंतजार करना पड़ा

# नईसरांय मार्ग पर लगा जाम, गल्ला मंडी व रेलवे क्रॉसिंग के बीच फंसे वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शाढ़ौरा-नईसरांय मार्ग पर गुरूवार को जाम की स्थिति बन गई। जिसके कारण सड़कों के दोनों ओर वाहन जाम खुलने का इंतजार करते रहे, 1 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। यहां प्रशासन की ओर से कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा, स्वयं वाहन चालकों को जाम हटाने के लिए स्वयं प्रयास करना पड़े।

यह जाम की स्थिति उस जगह बन रही है जहां नईसरायं फाटक है उसी से लगी हुई गल्ला मंडी और यहीं पर धर्मकांटा है। जिसके कारण एक ही स्थान पर यह सब होने से आने वाले वाहन और जाने वाले वाहनों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। गुरूवार को रेलवे क्रॉसिंग के बीच फंसे सैकड़ों वाहन, अशोकनगर शाढौरा नईसरांय कस्बे के मुख्य मार्ग रोड पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराती देखी गई। गल्ला मंडी में उपज लेकर आने वाल किसान अपनी ट्रेक्टर ट्राली मंडी में ले जाने से पहले पास में बने धर्मकांटा पर तोल के लिए जाते हैं जिसके कारण पूरी रोड पर जाम लगा देते है और इसी पर रेलवे क्रॉसिंग के बार-बार फाटक बंद होने के कारण जाम की स्थिति बन गई जिसके कारण गुरुवार दोपहर 3:30 बजे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

स्थिति यह रही कि घंटों तक एंबुलेंस और यात्री बसें और स्कूल बसों के साथ साथ मोटरसाइकिल, कार भी इस जाम में फंसी रहीं। मुख्य कारण यह है कि शाढ़ौरा मंडी में माल की बंफर आवक होने और शाडोरा रेल्वे फाटक बंद होने के साथ ,रेलवे लाइन पर रैक लगने से भरी मात्र में भारी ट्रक रोड पर जाम लगाए रहे। वर्तमान में गल्ला मंडी में जिंसों की आवक बढ़ने के कारण सैकड़ों की संख्या में भारी ट्रक जो रैक के लिए लोड किये ज रहे है जो सड़क के दोनों ओर खड़े रहते हैं। इसके अलावा, रेलवे गेट (क्रॉसिंग) बंद होने के दौरान ट्रकों की कतारें इतनी लंबी हो जाती हैं कि दोपहिया वाहनों तक को निकलने की जगह नहीं बचती। ऐसा आए दिन हो रहा है।

**आम जनता की चिंता किसी को नहीं**

स्थानीय निवासियों और राहगीरों का कहना है कि यह समस्या अब रोज की बात हो गई है। जिससे रोज समय की बर्बादी लोगो की मुसीबत बनी हुई है नईसरांय की ओर जाने वाले यात्रियों को मात्र 1 किमी का सफर तय करने में 40 से 50 मिनट लग रहे हैं। प्रशासनिक अनदेखी के कारण यातायात को सुचारू बनाने के लिए मौके पर कभी पुलिस बल तैनात नहीं रहता। मंडी के सीजन में यहां पैर रखने की जगह नहीं होती। ऊपर से रेलवे गेट बंद होने पर जाम और भी विकराल हो जाता है। प्रशासन को यहां ट्रैफिक पुलिस की स्थाई तैनाती करनी चाहिए। स्थानीय नागरिक को कहना है कि यदि समय रहते मंडी धर्मकांटा और रेल्वे फाटक पर लगने बाले वाहनों के लिए की व्यवस्था वैकल्पिक मार्ग का इंतजाम नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में यह जाम किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

**नईसरांय गेट पर फ्लाई ओवर की मांग**

शाढ़ौरा कस्बे में रेल पटरियां दो स्थानों से गुजरती हैं एक शाढ़ौरा कस्बे में प्रवेश से पहले और दूसरा शाढ़ौरा नईं सराय मार्ग पर। जो प्रवेश से पहले पटरियां निकलती हैं यह अशोकनगर गुना सड़क मार्ग है जो 2 जिलों को आपस में जोड़ता है। इस मार्ग पर पूरी रात और दिन यातायात निकलता है। इस समस्या से निजात पाने के लिए शाढ़ौरा रेल फाटक पर एक नए ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है इस ब्रिज का निर्माण पिछले दो साल से चल रहा है और अभी भी जारी है। ब्रिज बनाने की रफ्तार धीमी होने से अभी रेल फाटक के एक तरफ का हिस्सा ही बन पाया है अभी दूसरा हिस्सा तैयार होना है जब तक यह ब्रिज तैयार नहीं होता तब तक ट्रेनें गुजरने के कारण इस फाटक के दोनों ओर भी वाहन फाटक खुलने का इंतजार करते रहते हैं हालांकि इस समस्या का निदान आने वाले दिनों में ब्रिज बनते ही पूरा हो जाएगा। लेकिन नईसरायं फाटक का क्या होगा, यहां न अंडर ब्रिज की योजना है और न ही प्लाईओवर की। जबकि यह मार्ग भी प्रमुख मार्ग है जो 2 तहसीलों शाढ़ौरा और नईसरायं को तो आपस में जोड़ता ही है साथ में नईसरायं होकर म्याना होते हुए शिवपुरी और ग्वालियर की ओर जाने वाले वाहन भी इसी रास्ते से गुजरते हैं। ऐसी स्थिति में आने जाने वाले वाहनों को रेल फाटक बंद रहने का दंश भोगना पड़ता है। धीरे-धीरे मानव रहित रेल क्रासिंग की समस्या का निराकरण करने के प्रयास तो हो रहे हैं लेकिन अब तक इस नईसरायं फाटक के लिए कोई योजना नहीं हैं यहा भी एक ब्रिज का निर्माण किया जाना चाहिए।

### कांग्रेस सेवादल ने गिनाई कई अनियमितताएं

# ओवरब्रिज के गड्ढों से बढ़ी परेशानी एडीईएन को सौंपा मांग का ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

झांसी रेलवे फाटक पर बने ओवरब्रिज पर जगह-जगह हुए गड्ढों से वाहन चालक सहित राहगीर परेशान हो रहे हैं। लोगों की परेशानियों को देखते हुए कांग्रेस सेवादल शहर अध्यक्ष प्रमोद राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रेलवे एडीईएन मयंक जैन को ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस सेवादल शहर अध्यक्ष प्रमोद राय ने बताया शहर के झांसी रेलवे फाटक स्थित ओवरब्रिज निर्माण कार्य के समय में ही काफी अनियमिताएं सामने आई थीं। निर्माण कार्य पूरा होने के तत्काल बाद ही ओवरब्रिज पर गड्ढे हो गए थे। गड्ढों को लेकर कई बार प्रदर्शन भी हो चुके हैं। गड्ढों के कारण कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन इसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण राहगीरों को निकलने में हो रही परेशानी को देखते हुए कांग्रेस सेवादल ने एडीईएन को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में सुखलाल अहिरवार, विमला अहिरवार, रामसेवक अहिरवार, हेमंत गोलंदाज, शालक राम यादव, बबलू अहिरवार, आरके राज, केदार पटेल, मोनू अहिरवार, आदि उपस्थित रहे।

### विवाहिता से छेड़छाड़ के दोषी को 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1500 रुपए का जुर्माना भी लगाया

**अशोकनगर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुंगावली जिला अशोकनगर द्वारा निर्णय पारित करते हुये आरोपी इलियास खांन पुत्र जलील खांन निवासी अजीज कॉलोनी मुंगावली जिला अशोकनगर को छेड़ छाड़ के प्रकरण में दोषी पाते हुये 01 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 1500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से सहायक निदेशक अभियोजन/जिला अभियोजन अधिकारी जिला अशोकनगर के निर्देशन में प्रभावी अभियोजन संचालन एडीपीओ मुंगावली नम्रता शर्मा द्वारा किया गया। अभियोजन कहानी के अनुसार घटना दिनांक को रात करीब 10:00 बजे की बात है कि पीडिता का पति बाजार गया था, उसकी सास अलग कमरे में सो रही थी एवं वह अलग कमरे में अकेली थी उसी समय आरोपी इलियास खांन उसके घर में घुस आया और बुरी नियत से पीडिता का हाथ पकड लिया। उसके चिल्लाने पर उसकी आवाज सुनकर उसकी सास व पति आ गये थे तब आरोपी भागने लगा तो उसके पति ने आरोपी को पकडना चाहा तो आरोपी ने वहीं पडा डण्डा उठाकर उसके पति की मारपीट की जिससे उसे जगह-जगह चोटें आईं। उक्त घटना के लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस थाना मुंगावली में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत आरोपी को प्रकरण में दोषी पाते हुये उसके विरूद्ध दोषसिद्धि का निर्णय पारित किया गया।

# केंद्र सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूल्य और सिद्धांतों को समाप्त करने की कर रही तैयारीः इंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को गांधी चौराहा पर पहुंचकर बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही मनरेगा को लेकर कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर सिंह यादव ने कहा कि केंद्र सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूल्य और सिद्धांतों को समाप्त कर रही है उन्होंने मनरेगा जैसी योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाकर ठीक नहीं किया। जो कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा में हो जाते थे अब वह प्रदेश शासन की राशि मिलने पर किए जाएंगे। जब प्रदेश सरकार ही कर्ज में चल रही है तो फिर यह योजना भविष्य में समाप्त ही हो जाएगी।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश की पहचान पूरे विश्व में शांति के दूत महात्मा गांधी के नाम से और उनके सिद्धांतों से जाना जाता है। धरना प्रदर्शन में शशि मोहन तिवारी, अतीक खान पार्षद, कमलेश सिंघई, ओमप्रकाश पासु, महेंद्र सिंह ठाकुर, अशोक परिहार, उमा नवैया, सुरेश तिवारी, सुनील यादव, डॉ देवदत्त तिवारी प्रमोद राय, बलराम अहिरवार, विमला अहिरवार, शिबानी बौद्ध, विनोद पोरिया, बबलू राज, प्रभु दयाल सोनी, महेंद्र नवैया, रामकिशन अहिरवार, लालू अहिरवार, अशोक सेन, मोतीलाल अहिरवार, छोटा सलीम, विक्रांत गोलंदाज आदि उपस्थित रहे।

### वार्ड क्रमांक 20 में 10 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया

**अशोकनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने वार्ड क्रमांक 20 से पार्षद शालिनी योगेश खेरा एवं परिषद के पार्षदों के साथ वार्ड क्रमांक 20 में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। अम्बेडकर भवन के पास साहू धर्मशाला वाली गली में सीसी सड़क एवं नाला निर्माण कार्य किया जाएगा। उक्त निर्माण कार्य लगभग 10 लाख रुपये की लागत से पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद डॉ. जयमंडल यादव, पार्षद विपिन शिवहरे, धर्मेंद्र रघुवंशी (खेजरा), योगेश खेरा, श्याम चैधरी, मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन, मनोहर चैधरी, सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष मनोरिया ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में सुविधाओं,विकास के लिए नगर पालिका निरंतर कार्य कर रही है।

# किसान संगोष्ठी में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने पर दिया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



ग्राम पंचायत बेलई, ढाड में कृषि रथ के अंतर्गत किसानों की एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों एवं ग्राम वासियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कृषि सुधार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय ने धरती मां बचाओ अभियान के अंतर्गत किसानों को रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने की सलाह दी तथा अधिक मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने पर जोर देते हुए जीवामृत, नीमास्त्र आदि के सही उपयोग की विधि भी समझाई। पराली प्रबंधन के अंतर्गत किसानों को नरवाई न जलाने की सलाह दी गई। जिससे वायु प्रदूषण कम होता है तथा खेतों की मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है। इसके साथ ही मोर ड्रॉप पर ड्रॉप जल संरक्षण को बढ़ावा देते हुए स्प्रिंकलर प्रणाली द्वारा सिंचाई करने हेतु किसानों को प्रेरित किया गया।

इसमें ई-विकास प्रणाली से किसान ई-टोकन का उपयोग कर रासायनिक उर्वरकों को निजी एवं शासकीय विक्रय केंद्रों से बिना लाइन में लगे आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बेलई सरपंच एवं सचिव उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि विभाग से दीपेश मोग़े और अभिषेक कौशिक एवं पंचायत विभाग के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं किसान भाईयों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। गौरतलब है कि वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत किसानों को कृषि से जुड़ी आवश्यक एवं उपयोगी जानकारियां प्रदान की जा रही हैं।

# कलेक्टर ने किया ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का निरीक्षण, खेतों पर जाकर देखी फसलों की स्थिति

**अशोकनगर।** विगत दिनों जिले में अचानक मौसम परिवर्तन के कारण ओलावृष्टि होने से जिले के बहादुरपुर क्षेत्र में फसलें अधिक प्रभावित हुई हैं। जिसे देखते हुए कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा गुरुवार को तहसील बहादुरपुर के ग्राम ओडेर पहुंचकर ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का निरीक्षण किया। साथ ही फसलों की वर्तमान स्थिति को देखा। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि प्रभावित फसलों का स्पष्ट सर्वे कर फसल क्षति का सही आंकलन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए की प्रभावित फसलों का यथाशीघ्र सर्वे कर राहत राशि प्रदान की जाए।



### ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपनावदा की साप्ताहिक बैठक का आयोजन कर ग्रामोत्सव मनाया

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर के मड़खेड़ा सेक्टर 01 के अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम पिपनावदा की साप्ताहिक बैठक एवं ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अन्तर्गत ग्रामोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं शिक्षा स्वास्थ्य,पर्यावरण आदि पर प्रकाश डाला। जगराम सिंह ने नशा मुक्ति की जानकारी दी। इस ग्रामोत्सव में युवा और बुजुर्गों के रस्सी खींच प्रतियोगिता हुई। इस ग्रामोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सेन, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खिरिया गुहांस अध्यक्ष सोनू यादव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपनावदा अध्यक्ष राजा सिंह यादव सदस्य तूफान सिंह, जगराम, बृजेन्द्र सिंह,विक्रम सिंह सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।



# गुरुजी से प्रा.शिक्षक बने 34 शिक्षकों की 3 साल शासकीय सेवा कर दी विलोपित, ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुरुजी से प्रा.शिक्षक बने अशोकनगर विकासखंड के 34 शिक्षकों की तीन साल की शासकीय सेवा को विलोपित कर दिया गया। संबंधित जिम्मेदारों पर कार्यवाही के साथ सीनियारिटी, क्रमोन्नति एरियर अविलंब मिलें।

मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग बल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक/१-44-6/2014/20- 2, दिनांक -10/02/2014 द्वारा एवं जनपद पंचायत अशोकनगर के आदेश क्रमांक/स्था/सं शा . शि./2015-16/1319, अशोकनगर दिनांक 04/06/2015 के अनुसार गुरुजी से (नियोजित कर) संविदा शाला शिक्षक फिर प्रा.अध्यापक बने प्रा.शिक्षकों को संशोधन दिनांक 28/12/2013 की अधिसूचनाके आधार पर उनकी सेवाकाल की गणना 22/10/2011 से करना था जबकि इन शिक्षकों के सेवाकाल की गणना 2014 से की गई है। और इस तरह उनकी 3 साल की सेवा विलोपित कर दी गई। जो कि नितांत मनमानी, शासकीय आदेशों की अवहेलना और शिक्षकों के साथ क्रूर अन्याय है।

मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिह रघुवंशी ने उपरोक प्रकरण में जिम्मेदार दोषी प्रशासनिक मशीनरी पर कार्यवाही की मांग की है जिसमें कहा गया है कि संबंधित शिक्षकों की सेवाकाल की गणना दिनांक 22/10/2011 से की। जाकर उसी के मुताबिक सीनियरिटी, क्रमोन्नति और एरियर का भुगतान किया जाए अन्यथा की स्थिति में मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ सम्बंधित शिक्षकों के साथ आन्दोलन करेगा और प्रकरण को न्यायालय में ले जाने हेतु बाध्य होगा। आज उपरोक्त मांगों को लेकर अध्यापकों ने मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ के नेतृत्व में संयुक्त कलेक्टर को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इसी तरह का ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी को भी सौंपा गया है।

# सीएचसी शाढ़ौरा में हुआ स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सीएचसी सढौरा में आज स्वास्थ्य विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जो सीएमएचओ डॉ. अलका द्विवेदी के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर संचालित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करना एवं सेवाओं को और बेहतर बनाना रहा।

सीएमएचओ डॉ. अलका द्विवेदी ने बैठक के दौरान ब्लॉक में चल रहे सभी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सीएचओ, एएनएम, आशा एवं आशा सुपरवाइजर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने पूरे ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की एक-एक कर विस्तृत जानकारी सीएमएचओ को प्रस्तुत की और जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों से अवगत कराया।

बैठक में जिले से डीपीएम कपिल पाराशर, पंकज यादव, डाटा मैनेजर पंकज शर्मा, टीकाकरण डाटा मैनेजर नागेंद्र रघुवंशी, डीसीएम आनंद माथुर, बीपीएम गणेश बहरे, बीसीएम संजीव रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नारेबाजी कर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# यूजीसी नियम विरोध में स्वर्ण समाज के संगठनों ने काली पट्टी बांधकर निकाली विशाल जन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




यूजीसी के नए नियमों के विरोध में स्वर्ण समाज के विभिन्न संगठनों ने शुक्रवार को गांधी चौराहा पर एकत्रित होकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। साथ ही काली पट्टी बांधकर विशाल रैली निकालकर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार अंबर पंथी को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को बड़ी संख्या में स्वर्ण समाज के लोग गांधी चौराहा पर एकत्रित हुए। जहां लोगों ने सबसे पहले महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया।

इसके बाद काले कानून के विरोध में लोग जमकर सरकार के खिलाफ बरसे। जहां यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने या उनमें व्यापक संशोधन करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए एक विशाल रैली निकाली। रैली गांधी चौराहा से शुरू होकर, कॉलेज तिराहा से होते हुए सर्वोदय चौराहा पर पहुंची। जहां वक्ताओं ने कहा कि नए नियमों से सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ेगा। इससे कॉलेज परिसरों में भय और असंतुलन का माहौल बनेगा, जो छात्रों की पढ़ाई और भविष्य को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा। सभी लोगों ने एकमत होकर सरकार से नियम को तत्काल वापस लेने की अपील की।

लोगों ने तर्क दिया कि यह कानून सामान्य वर्ग के बच्चों को प्रभावित करेगा और समाज में जातिगत विभाजन को बढ़ावा देगा। लोगों ने कहा कि यूजीसी द्वारा प्रस्तावित ड्राफ्ट रेगुलेशन उच्च शिक्षा व्यवस्था में सामाजिक असंतुलन और भेदभाव को बढ़ावा देंगे। रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन में शामिल लोग काली पट्टी बांधे हुए थे।